दिन– मंगलवार दिनांक– 08 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री मोदी ने आज इस योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपनी उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। इस योजना के तहत देश भर में बिना किसी गारंटी के तैंतीस लाख करोड़ रूपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना ने वित्तीय समावेशन के साथ साथ सामाजिक समावेशन और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की है। इस दौरान योजना के लाभार्थियों ने भी प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किये।

———————————————————————

प्रदेश में सत्ताईस हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सबसे अधिक बीस हजार बावन पदों पर स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति होगी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग में दो हजार पांच सौ नब्बे और मद्य निषेध विभाग में अड़तालीस पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा सहायक उर्दू अनुवादक के तीन हजार तीन सौ छह पदों पर भी नियुक्ति की जाएगी। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने बिहार शिक्षा प्रशासन संवर्ग नियमावली–दो हजार पच्चीस को मंजूरी दी है। इसके तहत सहायक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के एक हजार तीन सौ चौरासी पदों का सृजन किया गया है। इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग में पैंतीस पद सृजित किये गये हैं। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने राज्य मंत्री और उप मंत्री के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी की है। अब उन्हें पचास हजार रूपये की जगह पैंसठ हजार रूपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इसके अलावा क्षेत्रीय भत्ता पचपन हजार रूपये से बढ़ाकर

सत्तर हजार रूपये और दैनिक भत्ता तीन हजार रूपये से बढ़ाकर तीन हजार पांच सौ रूपये कर दिया गया है।

———————————————————————

प्रदेश में आज से पोषण पखवाड़ा की शुरुआत हुई। यह पखवाड़ा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, बाल वाटिका और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और खाने की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्य सरकार ने बच्चों, किशोरियों, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं में कुपोषण से संबंधित समस्याओं को काफी हद तक हल किया है। किचन गार्डन, पोषक अनाज, नियमित निगरानी और अन्य कई हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप काफी सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है। साथ ही कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गयी है। विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इधर, चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान में के साथ रोहतास जिले के डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने सुपौल जिले के वीरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रीडर मिट्ठु कुमार को तीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रीडर एक केस में पैरवी करने के नाम पर शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

———————————————————————

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के हाउस गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। एसडीपीओ अन्नु कुमार ने बताया कि मृतक जवान के सिर में गोली लगी है। प्रथम दृष्टि में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।